तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

गोंड़ समाज की बैठक में नेक जोंग एकता व अखंडता... 10



विधायक संपत के खिलाफ सोशल मीडिया पर भ्रामक... 10



## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद**। महिला के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को पद्मा पटेल पति स्व बोधन पटेल (45 वर्ष) ने बताया कि 8 फरवरी की रात करीबन 9 बजे आदिल अमान नशे में उसके घर आया, उसी दौरान गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब का अवैध परिवहन, दो पर कार्रवाई

**महासमुंद**। शराब के अवैध परिवहन के मामले में कोमाखान थाने में दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सुवरमाल चौक स्कूल के पास आरोपी भोला महानंद पिता हरिलाल महानंद (30 साल) अमनपुरी चौकी टुहलू थाना कोमाखान और नरेंद्र यादव पिता पुरूषोत्तम यादव (26 साल) अमनपुरी चौकी टुहलू थाना कोमाखान के कब्जे से 23 नग (पौवा) अंग्रेजी शराब कीमत 3680 तथा एक कार कीमत 200000 रुपए को बरामद किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट, गाली गलौज दो के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। मारपीट और गाली गलौज के मामले में बलौदा थाने में दो लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 8 फरवरी की शाम 6.30 बजे प्रार्थी अमित साहू पैदल अपने घर से खोखेपुर पुल तरफ आया, तो देखा शेखर महापात्र अपने साथी वरूण तिवारी ऊर्फ भोला के साथ पुल के नीचे बैठा था। जिससे प्रार्थी ने पूछा कि मेरे पिताजी के साथ तुमने गाली गलौज क्यों किया था। इस पर दोनों आरोपियों ने एक राय होकर गाली गलौज कर अमित के साथ मारपीट करते हुए किसी धारदार वस्तु से वार कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# शहर में बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड वाहन, लगातार बढ़ रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के मुख्य मार्ग में क्षमता से अधिक लदान के साथ भारी वाहनों का प्रवेश बिना किसी रोक-टोक के जारी है। विभागीय अनदेखी के चलते न केवल सड़कों की हालत खराब हो रही है। बल्कि, आम नागरिकों के जीवन पर भी खतरा मंडरा रहा है। शहर के बीचों-बीच से गुजरने वाले इन भारी वाहनों के कारण दिन भर ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। विशेषकर स्कूल और दफ्तर के समय इन ओवरलोड ट्रकों की वजह से लंबा जाम लग जाता है।

स्थिति यह है कि पैदल चलने वालों और दुपहिया वाहन चालकों को निकलने के लिए जगह तक नहीं मिलती। क्षमता से ज्यादा वजन होने के कारण शहर की अंदरूनी सड़कें भी जगह-जगह से धंसने लगी हैं। शहरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इन ओवरलोड वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध या कड़े नियम नहीं लागू किए गए, तो कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। प्रशासन को चाहिए कि वे नियमित जांच अभियान चलाएं और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करें।

## स्कूल और दफ्तर के समय ओवरलोड ट्रकों की वजह से लगता है लंबा जाम

### यातायात व्यवस्था बदहाल, नागरिक परेशान

नगर की बिगड़ती व्यवस्था को लेकर स्थानीय नागरिक चिंतित नजर आ रहे है। राजेश एक स्थानीय व्यवसायी ने बताया है कि जब ये ओवरलोड वाहन बाजार क्षेत्र से गुजरते हैं, तो पूरी सड़क ब्लॉक हो जाती है। इन ट्रकों से सामान गिरने का डर हमेशा बना रहता है। मनीष चंद्राकर ने कहा कि मैं रोज इसी रास्ते से अपने काम पर जाता हूं। ओवरलोड ट्रकों के कारण उड़ती धूल और अचानक ब्रेक लगने से दुर्घटना की संभावना बहुत बढ़ गई है। संगीता ने बताया है कि बच्चों को स्कूल छोड़ते समय बहुत डर लगता है। सड़कों पर भारी वाहनों की भीड़ के बीच बच्चों की साइकिल चलाना सुरक्षित नहीं है।



### दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण

बिना किसी जांच और कार्रवाई के शहर में प्रवेश कर रहे ये वाहन बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। कई बार इन वाहनों की ऊंचाई और चौड़ाई मानक से अधिक होती है, जिससे मोड़ पर इन्हें नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। इसके बावजूद, शहर के मुख्य प्रवेश द्वारों से बेरोक टोक ओवरलोड वाहन प्रवेश कर रहे हैं एवं इन वाहनों पर कोई कार्रवाई भी नही कि जा रही हैं जों एक बड़े हादसें को खुला निमंत्रण देने जैसा लग रहा है।

## कार्रवाई : ऑपरेशन निश्चय, पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 11 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# 24 घंटे में 3 जगह धरपकड़ में 132 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के 3 अलग-अलग थानों में कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस और नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने 24 घंटे के भीतर भारी मात्रा में गांजा और तस्करी में इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों को जब्त किया है। आपरेशन निश्चत के तहत पूरी कार्रवाई में पुलिस ने अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्त में लिया है।

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने प्रेसवार्ता में बताया है कि सिंघोड़ा, कोमाखान और बागबाहरा थाना क्षेत्रों में ये गिरफ्तारियां हुई हैं। पुलिस ने कुल 132.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 66 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है। साथ ही तस्करी में उपयोग की जा रही 6 कारों को भी जब्त किया गया है, जिनकी कीमत करीब 55 लाख रुपए है। पहली कार्रवाई सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में हुई। नेशनल हाईवे 53 पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक स्विफ्ट डिजायर और एक टाटा इंडिगो कार को रोका। तलाशी लेने पर वाहनों से 52.5 किलो गांजा बरामद हुआ।

इस मामले में जबलपुर (मध्यप्रदेश) निवासी अमित राय, राजकुमार केंवट और प्रकाश शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से नगदी और मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। दूसरी बड़ी कार्रवाई कोमाखान पुलिस और टास्क फोर्स ने की हैं यहां पुलिस ने न केवल गांजा परिवहन करने वालों को पकड़ा, बल्कि 6 घंटे के भीतर खरीददार और बैकअप देने वाले पूरे गिरोह को दबोच लिया। पुलिस ने एक बोलेरो और दो स्विफ्ट कारों को जब्त किया है। इस मामले में ओडिशा निवासी गजेंद्र कुमार और बबलू मांडी के साथ-साथ नागपुर (महाराष्ट्र) के चार अन्य आरोपियों अक्षय वाघाडे, आयुष राहंगडाले, राकेश लांजीतार और मुख्य खरीददार अक्षय उर्फ माइकल रंगारी को गिरफ्तार किया गया है। इनसे 40 किलो गांजा जब्त किया गया है।





### आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए कई आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी राजकुमार केंवट और अक्षय रंगारी के खिलाफ पहले भी आबकारी और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इन आरोपियों के वित्तीय लेनदेन और संपत्तियों की जांच कर रही है ताकि इस अवैध कारोबार की जड़ों तक पहुंचा जा सके। पुलिस का कहना है कि नशीले पदार्थों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### महिला समेत दो आरोपी गिरफ्तार

तीसरी कार्रवाई बागबाहरा थाना क्षेत्र में की गई। यहां पुलिस ने एक हुंडई कार की चेकिंग के दौरान 40 किलो गांजा बरामद किया। इस मामले में मध्यप्रदेश के दतिया और मुरैना निवासी सुमीत श्रीवास्तव और रीना भदौरिया को गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजे और कार की कुल कीमत 35 लाख रुपए बताई जा रही है।

### बागबाहरा क्षेत्र में सागौन लकड़ी का अवैध परिवहन, वाहन जब्त

**महासमुंद**. वन विभाग ने सागौन लकड़ी का अवैध परिवहन कर रहे एक वाहन को जब्त किया है। यह कार्रवाई अंतरराज्यीय जांच नाका टेमरी में की गई। महासमुंद वनमंडल के बागबाहरा परिक्षेत्र अंतर्गत ओडिशा सीमा पर स्थित अंतरराज्यीय वनोपज जांच नाका टेमरी में जांच के दौरान अवैध रूप से सागौन का परिवहन करते हुए एक महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक आरजे 19 एच 5254 को रोका गया। वाहन चालक द्वारा प्रस्तुत ट्रांजिट पास आम की लकड़ी के परिवहन हेतु जारी पाया गया, जो कि फॉरेस्ट ऑफिसर, पेंड्रूथी सेक्शन, विशाखापट्टनम रेंज द्वारा निर्गत था। ट्रांजिट पास के अनुसार वाहन में आम चिरान 300 नग (3.12 घनमीटर) परिवहन किया जाना दर्शाया गया था। लेकिन वाहन की जांच के दौरान आम चिरान के नीचे 1.85 घनमीटर सागौन चिरान को योजनाबद्ध रूप से छिपाकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। मामले में विभाग ने वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

## छात्र आत्महत्या मामले में स्कूल प्रबंधन ने आरोपों को नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ब्लेलॉक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र भावेश यादव की आत्महत्या के मामले में स्कूल प्रबंधन की ओर से विद्यालय की प्राचार्य कुमुद ठाकुर ने ने अपना पक्ष रखते हुए परिजनों द्वारा लगाए गए कथित मारपीट और प्रताड़ना के आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया है। प्राचार्य कुमुद ठाकुर ने स्पष्ट किया कि भावेश की आत्महत्या का स्कूल में हुई किसी भी गतिविधि से कोई संबंध नहीं है। प्राचार्य ने कहा कि स्कूल में भावेश के साथ कोई शारीरिक मारपीट या अपमानजनक व्यवहार नहीं किया गया। प्राचार्य के मुताबिक, भावेश अपनी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण मानसिक रूप से परेशान था। इस संबंध में उन्होंने भावेश की मां से भी चर्चा की थी। घटना वाले दिन भावेश स्कूल आया था और सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों में सामान्य रूप से शामिल हुआ था।

### परिजनों के आरोप और पुलिस जांच

दूसरी ओर, भावेश के परिजन स्कूल प्रबंधन की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं और इसे प्रताड़ना का मामला मान रहे हैं। छात्र की मौत के बाद से परिवार में गहरा आक्रोश है। फिलहाल, सिटी कोतवाली पुलिस इस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला बजट : श्रीवास्तव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी के नेता और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय बजट 2026-27 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने वाला एक ऐतिहासिक बजट बताया।

श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह 12वीं बार बजट पेश किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का उल्लेख करते हुए कहा कि लगातार 9वीं बार बजट पेश करने वाली वह पहली महिला वित्तमंत्री बनी हैं, जो पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उनके अनुसार, यह बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं है, बल्कि वर्ष 2047 तक भारत को सशक्त और समृद्ध बनाने का संकल्प को पुरा करने वाला है। प्रेसवार्ता में बताया गया कि यह बजट मुख्य रूप से समाज के चार स्तंभों किसान, युवा, महिला और गरीब पर केंद्रित है। मोदी सरकार की योजनाओं से देश में गरीबी का स्तर लगातार गिर रहा है। यह बजट गरीबों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने में मदद करेगा। लखपति दीदी योजना की सफलता को देखते हुए इस बजट में महिलाओं के लिए एसएचई-मार्ट की घोषणा की गई है। संजय श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि अब हर जिले में कम्युनिटी-ओन्ड रिटेल आउटलेट स्थापित किए जाएंगे। इन एसएचई-मार्ट के जरिए स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेचने के लिए एक बड़ा मंच मिलेगा। इससे पशुपालन और खेती से जुड़ी महिलाएं अब केवल अपनी आजीविका चलाने तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि वे उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना सकेंगी। अंत में उन्होंने कहा कि यह बजट देश के हर वर्ग की समृद्धि और विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो आने वाले समय में भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

# 'समाज निर्माण से पहले स्वयं का चरित्र निर्माण जरूरी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भगवान शिव अपने परिवार को एक करके रखे है, वैसे ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार के प्रति समर्पण का भाव रखते हुए एक सूत्र में बांधना चाहिए। समाज निर्माण से पहले स्वयं का चरित्र निर्माण जरूरी है। भगवान शिव का वाहन नंदी है तो मां दुर्गा पार्वती का वाहन शेर, दोनों एक दूसरे के विरोधाभास है। मयूर और सर्प, सर्प और चूहा दोनों विरोधाभास होते हुए भी भगवान शिव के प्रति आस्था और समर्पण है, इसलिए सभी एक साथ रह रहे है। ऐसा ही व्यवहार और प्रेम भाव परिवार में करना चाहिए। उक्त बातें पत्रकारों से सनातन और अध्यात्म पर चर्चा करते हुए श्री राधे निकुंजधाम जंजगिरी चरौदा भिलाई 3 के नारायण दास महाराज ने कही।



वे यहां कबीर बाड़ा में चल रहे श्री शिवपुराण कथा का बखान करने पहुंचे हुए है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों से सनातन की सेवा में लगा हूं। उनके निकुंज धाम में अनेक सेवा के प्रकल्प चल रहे है। पिछले 5 वर्षो से निर्धन बहन, बेटियों का विवाह तथा रोहणी गौ धाम में सैकड़ों गायों की सेवा हो रही है। उनका उद्देश्य सनातन का जागरण करना, सामाजिक समरसता, एकता, संभाव को लेकर समाज आगे बढ़े यही एक मात्र उद्देश्य है। महाराज ने कहा कि धर्म के प्रति निष्ठा होनी चाहिए। आहार, विचार और व्यवहार की शुद्धता बहुत की जरूरी है। परिवारिक समरसता पर महाराज ने कहा कि हम परिवार को छोड़कर समाज की समरसता पर ध्यान नहीं दे सकते, समाज को आगे बढ़ाना है तो परिवार में भी समन्वय जरूरी है। अपने बड़े बुजुर्गों के प्रति स मान और आदर का भाव सदैव रखना चाहिए। अनुभव के आधार पर यदि हम से बड़े कुछ कह दे तो उसे बुरा मामने के बजाए समझाइश के भाव से लेना चाहिए। पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए नारायण दास महाराज ने कहा कि बच्चों में संस्कार के लिए धर्म ग्रंथों का अध्ययन जरूरी है, इसके लिए उन्होंने पाठयक्रम में महापुरूषों और अध्यात्म संबंधित विषयों को शामिल करने की वकालत की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सही समय पर विवाह होना चाहिए। विलंब से विवाह होने के कारण भी अनेक विकार समाज में आ रहे है इस पर अभिभावकों को ध्यान देना चाहिए।

## पीएम आवास अपूर्ण, ऑनलाइन आंकड़ों में पूर्णता दिखाकर फर्जी वाहवाही लूटने का काम कर रही है साय सरकार: रश्मि

**महासमुंद**। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार आवास पूर्णता की फर्जी वाहवाही लूटने का काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास पूर्णता में बड़ी गड़बड़ी देखने को मिल रही है। बिना प्लास्टर किए ऑनलाइन में ही आवास को पूरा बताकर फर्जी तरीके 10 माह में 5 लाख आवास निर्माण का राष्ट्रीय कीर्तिमान का दावा डबल इंजन सरकार के द्वारा दावे किए जा रहे हैं। जमीनी हकीकत में महासमुंद जिले की बात करे तो हितग्राहियों के पीएम आवास पूर्ण रूप से बने ही नहीं हैं। आवास निर्माण ऑनलाइन में पूरा दिखा रहा है, लेकिन महासमुंद जिले के हर विकासखंड में सैकड़ों पीएम आवास का प्लास्टर नहीं हुआ हैं। लेंटर होते ही आवास मित्रों द्वारा आनलाइन में आवास पूर्णता का जियो टैग कर दिया जा रहा है। क्या बिना प्लास्टर किए ही आवास को विष्णु की सुशासन वाली सरकार पूर्ण आवास मान रही।




## खबर संक्षेप

### प्रिंसीपल को धमकाया शोएब पर अपराध दर्ज

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड में शुक्रवार को कार में स्क्रैच आने पर एक स्कूल के प्रिंसिपल को धमकाने के आरोप में पूर्व महापौर के भतीजे तथा शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज की है। आरबी मिश्रा की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। श्री मिश्रा ने पुलिस को बताया कि शोएब लापरवाही से कार चलाते हुए उसकी कार को स्क्रैच मार दिया। आपत्ति करने पर शोएब ने उनके साथ गाली-गलौज कर धमकी दी। श्री मिश्रा स्पेशल बच्चों के लिए स्कूल संचालित स्कूल के प्रिंसिपल हैं।

### पुलिस का अभियान जारी तीन बदमाश दबोचे गए

**रायपुर।** सार्वजनिक स्थानों पर अपराध, लूट, भय एवं उपद्रव की घटनाओं की रोकथाम करने डीसीपी सेंट्रल जोन रायपुर के निर्देश पर पुलिस विशेष अभियान चला रही है। अभियान के तहत शराब ठेके, रेलवे स्टेशन, अस्पताल परिसर, स्टेशन एरिया एवं अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर निरंतर आकस्मिक चेकिंग की जा रही है। जांच के दौरान पुलिस ने अरूण सोनकर, राजेश वर्मा, अरूण पटेल को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### 20 किलो गांजा के साथ धरा गया अंतर्राज्यीय तस्कर

**रायपुर।** राजेंद्रनगर पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय तस्कर को 20 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर ओडिशा के रास्ते गांजा तस्करी कर प्रयागराज ले जा रहा था। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज निवासी हिमांशु केशरवानी को गिरफ्तार किया है। तस्करी में लिप्त दो तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। फरार तस्करों की पुलिस पतासाजी कर रही है। कार की तलाशी लेने पर पुलिस को कार से गांजा मिला।

## निधन

### सिलपत राव खरे



**महासमुंद।** ग्राम बम्बूरडीह निवासी सिलपत राव खरे (76) का विगत 2 फरवरी 2026 सोमवार को निधन हो गया। वे शकुन के पति, सिलोचन राव खरे के बड़े भाई एवं मुकेश व थानसिंह के पिता थे।

# तरेकेला भागवत कथा का चौथा दिन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

तरेकेला की श्रीमद्भागवत कथा अब श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निरंतर आगे बढ़ रही है। मंगलवार को भागवत कथा के चौथे दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त कथा श्रवण हेतु पहुंचे और भक्ति भाव से कार्यक्रम में सहभागी बने।

कथा वाचन महंत लखन मुनि साहेब, आश्रम पीठाधीश्वर के पावन सान्निध्य में समर्पण भाव के साथ किया गया। चौथे दिन की कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, गिरिराज पूजन, छप्पन भोग जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सायं 6:30 बजे आरती के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के जवान मुकेश कुमार भोई अपनी पत्नी मल्लिका भोई के साथ उपस्थित रहे। साथ ही पत्रकार जगत से आरके दास, एके साहू सहित नागरिकजनों ने भी भागवत कथा में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया।





आयोजकों द्वारा जानकारी दी गई कि 11 फरवरी बुधवार को कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित, परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम के पश्चात भव्य समापन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जो श्रद्धालु कथा स्थल पर उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, वे महंत लखन मुनि साहेब के यूट्यूब चैनल महंत लखन मुनि लाइव के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन भागवत कथा का सीधा प्रसारण देख व सुन सकते हैं। कुल मिलाकर, तमाम विवादों के बावजूद तरेकेला की भागवत कथा श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है, और क्षेत्र में धार्मिक वातावरण का निर्माण कर रही है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, 27 छात्रों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरला कोसरिया (आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी प्रांत प्रमुख छग), अध्यक्षता देवचंद नायक (प्रमुख ट्रस्टी, गायत्री शक्तिपीठ बसना) और विशिष्ट अतिथियों के रूप में रामचंद अग्रवाल, पीआर वर्मा, नरेश साहू, आशीष साहू, भारत साहू रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां गायत्री के पूजन अर्चन से की गई। इसके बाद सामूहिक जप, साधना और सत्संकल्प पाठ कराया गया। इस दौरान भारत साहू सचिव जिला भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा महासमुंद ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के माध्यम से बच्चों में व्यक्तित्व, पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय भाव का विकास होगा, जिससे वे भारतीय संस्कृति को समझेंगे और उसे अपने जीवन में उतारेंगे। यह परीक्षा श्रेष्ठ चिंतन, सकारात्मक विचार एवं व्यवहार को निखारने में सहायक है। भारत साहू ने बताया कि इस परीक्षा की शुरुआत 1994 में हुई थी और अब यह नेपाल सहित भारत के 22 राज्यों में 11 भाषाओं में आयोजित की जाती है। इस वर्ष 45 लाख परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए हैं। दो लाख शिक्षण संस्थाओं में दो लाख शिक्षकों के माध्यम से यह परीक्षा संचालित की गई है।

जिले में 9 वर्गों में संचालित परीक्षा में कक्षा पांचवीं से लेकर कॉलेज तक के 27 बच्चों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः 1000, 700 और 500 रुपए के साथ प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। विद्यालय स्तर पर क्रमशः 700, 500 और 300 रुपए के साथ प्रमाण पत्र और मोमेंटो दिए गए। जिले में कुल 301 संस्थाओं से 12, 340 बच्चों ने परीक्षा दी। सर्वाधिक परीक्षार्थी बिठाने के लिए शाउमावि भगतदेवरी (558 परीक्षार्थी) और गौरव विद्या मंदिर उमावि सरायपाली (301 परीक्षार्थी) के प्राचार्यों को मंत्र चादर, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विकासखंड सरायपाली की टीम को जिले में सर्वाधिक 4447 परीक्षार्थी बैठाने के लिए सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में बसना ब्लॉक का ब्लॉक स्तरीय पुरस्कार भी दिया गया जिसमें में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि रामचंद अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। अंग्रेजों ने हमारी गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को समाप्त कर दी थी और अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था को लागू किया। ताकि सिर्फ क्लर्क तैयार किए जा सकें। हमें अपने पाठ्यक्रम के साथ-साथ संस्कृति और संस्कार से संबंधित साहित्य का अध्ययन करना चाहिए और अपने चिंतन, चरित्र और व्यवहार को श्रेष्ठ बनाना चाहिए। मुख्य अतिथि सरला ने व्यक्तित्व के विकास के लिए साधना, स्वाध्याय और सेवा की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साधना से व्यक्ति अपनी शक्तियों को सशक्त करता है। स्वाध्याय से अपने व्यक्तित्व में निखार लाता है, और सेवा के माध्यम से समाज के बीच अपने ज्ञान और शक्ति का योगदान करता है। कार्यक्रम को देवचंद नायक और पीआर वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नरेश साहू जिला प्रमुख युवा प्रकोष्ठ ने किया। अंत में गायत्री शक्तिपीठ बसना को सहयोग करने वाले संदीप अग्रवाल को भी मंत्र चादर से सम्मानित किया गया। संचालन नरेश कुमार साहू ने किया। अंत में जितेंद्र भोई, संयोजक बसना ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन नशा मुक्ति संकल्प के साथ शांति पाठ से हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से परमानंद पटेल, उपेंद्र साहू, जितेंद्र भोई, लिंगराज, प्रफुल्ल पसायत मौजूद रहे।

# ओडिशा-छत्तीसगढ़ की साझा जनजातीय विरासत का मंचन

## कांटाबाजी में राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव (कोमाखान)

पीएम ओएसएचए योजना के अंतर्गत जनजातीय साहित्य, कला एवं संस्कृति संरक्षण विषय पर शासकीय जेवी कॉलेज कांटाबाजी (ओडिशा) में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में ओडिशा–छत्तीसगढ़ की समृद्ध और साझा सांस्कृतिक विरासत की सशक्त झलक देखने को मिली। सम्मेलन में चार सत्रों में गहन शोध आलोचना एवं विमर्श हुआ, जिसमें जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और दस्तावेजीकरण पर विशेष बल दिया गया।



संगोष्ठी के प्रमुख विद्वानों में संबलपुर विश्वविद्यालय के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो.बबरुबदन महापात्रा, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. गोपीनाथ बाग, सहा प्राध्यापक तख्निका चंद्र प्रधान, डॉ. विजय शर्मा (महासमुंद, छत्तीसगढ़), प्रो. सरोज जगदला, डॉ. पितायता डडसेना, प्रो. कौतुक पांडर तथा प्रो. रतिकांत नायक शामिल रहे। चारों सत्रों का संचालन इन्हीं विद्वानों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. यशोभर पटनायक ने की।

महासमुंद जिले से आए डॉ. विजय शर्मा ने अपने शोध पत्र में पूर्वी छत्तीसगढ़ और पश्चिमी ओडिशा की भौगोलिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामरिक, लोकगाथात्मक, जीवनशैली, शिल्प, लोकसंगीत एवं हस्तकला की साझा परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्राचीन से वर्तमान तक के अंतर्संबंधों का उल्लेख करते हुए 13वीं शताब्दी के वैवाहिक आयोजनों में दहेज के रूप में राज्य दिए जाने के उल्लेख (रायपुर गजेटियर) तथा 18–19वीं शताब्दी में फुलझर–सुअरमार क्षेत्र के वैवाहिक संबंधों के राजनीतिक–सामाजिक संदर्भों की व्याख्या की। महानदी, जोंक, तेल और इंद्रावती नदियों को उन्होंने संस्कृति का सेतु बताते हुए जनजातीय जीवन में उनकी भूमिका रेखांकित की। साथ ही छत्तीसगढ़–ओडिशा के अध्येताओं से विलुप्त हो रही जनजातीय परंपराओं के संरक्षण के लिए शोध और अभिलेखीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में कुल 19 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएम ओएसएचए नोडल अधिकारी राजेश मोहंती एवं कार्यक्रम आयोजक प्रो. संजय मिश्रा का विशेष योगदान रहा। आभार व्यक्त करते हुए आयोजकों ने कहा कि यह संगोष्ठी भविष्य में छत्तीसगढ़–ओडिशा की साझा जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और अध्ययन को नई दिशा प्रदान करेगी।

# बसना-पदमपुर अंतरराज्यीय मार्ग बदहाल, गड्ढों में तब्दील सड़क बनी हादसों का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- सभापति प्रकाश ने कलेक्टर से की शीघ्र मरम्मत की मांग

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत बसना से पदमपुर (ओडिशा अंतराज्यीय सीमा) को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग इन दिनों अत्यधिक जर्जर एवं खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुका है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े एवं गहरे गड्ढों के कारण आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

यह मार्ग कालकासा, अंकोरी, अंकोरी टांडा मार्ग एवं पलसपाली (अ) सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ता है। इन क्षेत्रों से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, किसान, मजदूर, मरीज तथा दोपहिया-चारपहिया एवं भारी वाहन आवाजाही करते हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार सड़क की बदहाल स्थिति के चलते कई बार दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। विशेषकर रात्रिकाल एवं वर्षा ऋतु में गड्ढे दिखाई न देने से



हादसों की आशंका और अधिक बढ़ जाती है, जिससे आमजन में भय का माहौल है।

इस गंभीर समस्या को लेकर जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी, प्रकाश कुमार सिन्हा ने जिला कलेक्टर महासमुंद को आवेदन सौंपते हुए तत्काल मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्य कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह विषय केवल सड़क की दुर्दशा तक सीमित नहीं है, बल्कि सीधे तौर पर जनसुरक्षा से जुड़ा हुआ मामला है। यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी बड़ी जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता।

### कलेक्टर से शिकायत

प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टर महासमुंद को 06 फरवरी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि संबंधित लोक निर्माण विभाग को निर्देशित कर गड्ढों की तत्काल मरम्मत अथवा आवश्यक सुधार कार्य कराया जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित एवं सुचारु हो सके। साथ ही उन्होंने प्रशासन से संबंधित कार्य एजेंसी के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई करने की भी मांग की है, जिससे भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो।

# किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

गत दिनों किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशनल स्कूल बसुला में वार्षिक उत्सव सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। बच्चों की रचनात्मक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अतिथि बसना विकासखंड शिक्षा बद्री विशाल जोल्हे रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। विद्यालय स्टाफ ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाट्य एवं अन्य अनोखी और प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं।

बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच कौशल को देखकर उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की।



### मल्दामाल में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**सरायपाली।** विकास खंड के वनांचल क्षेत्र मल्दामाल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एकत्रित, संगठित, और जागरूक करना । यह कार्यक्रम कस्तूराबहाल के द्वारा हिंदू सम्मेलन ग्राम पंचायत मल्दामाल के ग्रामीणों एवं पदाधिकारियों के सहयोग से किया गया। मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी आयोजन है, जिनका उद्देश्य हिंदू समाज को जाति वर्ग ओर क्षेत्र के भेद भाव से ऊपर उठकर एकत्रित, संगठित और जागरूक करना है। इन सम्मेलनों के माध्यम से सनातनी पहचान, सामाजिक समरसता, और राष्ट्र निर्माण पर चर्चा की गई ताकी हिंदुओं की सोई हुई शक्ति को जगाया जा सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित डोलामणि होता, मुख्य वक्ता आदित्य साहू, प्रांतीय सेविका भारती ठाकुर, जिला सेविका अनिता चौधरी, पुरूषोतम प्रधान सभी अतिथियों का मार्गदर्शन मिला। जिसमें जिला पंचायत सभापति महासमुंद एवं भाजपा जिला मंत्री कुमारी भास्कर शामिल हुई। साथ में पुष्पलता चौहान, रमेश नायक, अनिल साहू, घनश्याम भोई, मकरध्वज साहू, दयानिधि जाल, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुरेश कुम्हार, सरपंच लुभावंती पटेल, धनीराम पटेल, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, भाजपा कार्यकर्तागण, बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# वृंदावन विद्यालय में त्रि-दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में त्रि-दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। खेल दिवस की शुरूआत संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर द्वारा मशाल जलाकर और मार्चपास्ट की सलामी से किया गया। मार्चपास्ट के द्वारा छात्र-छात्राओं ने आपसी समन्वय, टीम वर्क और अनुशासन को दर्शाया।

पश्चात संचालक विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में शिक्षा से मस्तिष्क का, खेल से शारीरिक विकास को बतलाते हुए कहा कि स्वास्थ्य एवं खेल विचार को बढ़ावा दिया तथा बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने कहा कि खेल से बच्चों में नेतृन्व की भावना का विकास होता है एवं शारीरिक विकास का साधन खेल को बतलाया, जो आपसी स्नेह-मित्रता की भावना को जागृत करता है। इस प्रतियोगिता में 100 मी. दौड़, कबड्डी, खो-खो, रोप पुलिंग, बोरी दौड़, चम्मच दौड़, म्युज़िकल चेयर, स्लो साइकल रेस, रोप स्किपिंग, क्रिकेट, आदि खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से दसवी तक के



छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ एकल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता में अंजल साहू व स्वाति मांझी ने प्रथम, अमन पासवान व अंजलि चंद्राकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कबड्डी में छात्र हर्षित शर्मा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें ओजस, पुष्कर, योजित, तीर्थ, तोयश, आदि का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। खो-खो में छात्रा भीगेश्वरी व उनकी टीम तन्मीत, रिया, तनूजा, रिद्धि, समृद्धि, आदि ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रथम स्थान हासिल किया। रोप पुलिंग में छात्र रितेश व उनकी टीम आरव, लोमन, नारायण, समीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बासय क्रिकेट में छात्र लक्ष्मीराज व उनकी टीम ने उच्च प्रदर्शन से प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया। उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वर्षा चंद्राकर, अमृता चंद्राकर, संध्या सोना, जागृति साहू, प्रवीण साहू, होमेश साहू, भूमिका वर्मा, शुभ्रा अग्रवाल, अंशु यादव, रिंकी कुर्रे मौजूद रहे। दीपशिखा गायकवाड़, हीना खान, नीरू माझी, आरती गुप्ता, मोनिशा बावनकर, संगीता साहू, हेमलता वर्मा, भूमिका निर्मलकर, रूपाली साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, तुषार निर्वाण, तेजन साहू, अमन वर्मा आदि का विशिष्ट योगदान रहा।

# कर्मा सेना अब केवल एक सांस्कृतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज का सुरक्षा कवच बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के प्रेस क्लब में अखिल भारतीय कर्मा सेना का राष्ट्रीय अधिवेशन और चिंतन बैठक हुई। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से समाज के दिग्गजों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत माता कर्मा के पूजन और अतिथियों के विजय तिलक के साथ हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री (दर्जा प्राप्त) एवं तेलघानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रविकरण साहू ने एक बड़ा विजन साझा किया। उन्होंने कहा कि समाज की सुरक्षा और अनुशासन ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। कर्मा सेना अब केवल एक सांस्कृतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज का सुरक्षा कवच बनेगी। हम नगर, तहसील और जिला स्तर तक इसका विस्तार करेंगे, जिसमें भारतीय सेना से सेवानिवृत्त जवानों को मार्गदर्शक और प्रशिक्षक के रूप में जोड़ा जाएगा।

राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना संस्थापक अशवंत तुषार साहू ने अपने उधद्बोधन में कहा कि सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए पारंपरिक मूल्यों, जैसे कि संयुक्त परिवार, बड़ों का सम्मान, सेवा भाव और नैतिक शिक्षा को पुनः जीवित करना आवश्यक है। यह भारतीय संस्कृति के 16 संस्कारों, सामूहिक त्योहारों के माध्यम से समाज को संगठित, अनुशासित और सौहार्दपूर्ण बनाए रखता है। मूल्यों का महत्वः भारतीय सामाजिक व्यवस्था में मूल्य, जैसे कि सहिष्णुता, नैतिकता, और साझा विरासत, एकता के आधार स्तंभ हैं। परिवार की भूमिकाः परिवार को संस्कारों की जड़ माना जाता है, जहां आपसी प्रेम, सहयोग और सहनशीलता से एकता बढ़ती है। बैठक में उपस्थित विभिन्न वक्ताओं ने कर्मा सेना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। श्रीराम साहू (राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी) ने कर्मा सेना का मूल मंत्र संस्कृति, स्वाभिमान और संगठन बताते हुए कहा कि यह राजनीति से ऊपर उठकर समाज की बेहतरी के लिए कार्य करेगी। गुलाब सिंह गोल्हानी (राष्ट्रीय संरक्षक) जोर दिया कि गरीब तबके पर होने वाले किसी भी अत्याचार या अन्याय के खिलाफ एकजुट होना ही सेना का मुख्य लक्ष्य है। दिनेश सिल्लन साहू (राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष) ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि कर्मा सेना समाज के न्याय की लड़ाई लड़ेगी। शंभू दयाल साहू (राष्ट्रीय संस्थापक) ने समाज के लोगों को आर्थिक रूप से एक-दूसरे की मदद करने और आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। कथावाचक यामिनी देवी ने सनातन धर्म के प्रति आस्था जगाने और कर्मा सैनिकों को वैचारिक रूप से मजबूत बनाने की अपील की। रितेश शाह सिंगरौली वरिष्ठ समाजसेवी ने स्थानीय स्तर पर युवाओं के स्वरोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम में मंच का संचालन श्रीराम साहू एवं मीडिया प्रसारण का कार्य संतोष राज ने किया। अधिवेशन में समाज के कई वरिष्ठ जन उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से अरुण साहू (आयोजक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संयोजक), ओमप्रकाश साहू (जिला अध्यक्ष, नरसिंहपुर) संत रमेश दास साहू (राष्ट्रीय संत, साहू समाज), गणेशाराम साहू (प्रदेश उपाध्यक्ष), संतोष राज (प्रदेश सचिव एवं नियुक्ति प्रभारी), विक्रम साहू (जिला मीडिया प्रभारी) मौजूद रहे।



### कोचिया गिरफ्तार, 30 पौवा देशी शराब बरामद



**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शराब कोचिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 पौवा देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने शराब तस्करी करने के आरोप में लभांडी निवासी राजा तांडी को गिरफ्तार किया है। राजा सिंधी मुक्तिधाम के पास थैली में रखकर शराब बेचने ग्राहक तलाश रहा था।

**खबर संक्षेप**



## आंगनबाड़ियों में मनाया गया वजन त्योहार

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्र. 1 एवं 14 के आंगनबाड़ी केंद्र में संयुक्त रूप से वजन त्योहार मनाया गया। जिसमें नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड क्र. 1 पार्षद रिंकू चंद्राकर, भाजपा युवा नेता पलाश यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वजन त्योहार में 0 से लेकर 18 वर्ष के बच्चों का वजन व ऊंचाई आंगनबाड़ी केंद्र में ली गई। लगभग 20 बच्चों का वजन एवं ऊंचाई ली गई। बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नपाउपाध्यक्ष राठी ने कहा कि छग की विष्णुदेव साय सरकार कुपोषित बच्चों के स्वास्थ को लेकर जागरूक है। प्रदेश के बच्चे स्वस्थ हो, इस दृष्टि में काम कर रही है। सरकार आंगनबाड़ियों के माध्यम से अभियान चलाकर कुपोषण को भगाने में सरकार कामयाब हो रही है। महतारी वंदन के माध्यम से प्रति माह महिलाओं को एक हजार सरकार दे रही है कि मातृ शक्ति स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बने। वजन त्यौहार में आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता मंजू ठाकुर, गायत्री निषाद, सहायिका दुर्गा ठाकुर तथा वार्ड के बच्चे, महिलाएं उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि को निकलेगी महाकाल की बारात

**महासमुंद।** सर्व महाकाल परिवार द्वारा 15 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन भव्य महाकाल बारात निकाली जाएगी। इस संबंध में तैयारियों को लेकर जय तंबोली की अध्यक्षता में सदस्यगण संदीप तंबोली, रौनक बाघमारे, राज साहू, मनोज, जतिन, अमित, विनीत, सिद्धार्थ की उपस्थिति में बैठक हुई। इस संबंध में जानकारी देते संदीप तंबोली ने बताया कि सर्व महाकाल परिवार द्वारा विगत 04 वर्षों से भव्य महाकाल बारात महाशिवरात्रि को निकाली जाती है। इस वर्ष महाकाल बारात भोलेनाथ मंदिर गंजपारा से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते वापस भोलेनाथ मंदिर में पहुंचेगी।

**प्रोत्साहन:** बागबाहरा जनपद में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदमः केशव नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

दिव्यांगजनों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद पंचायत में 9 फरवरी को दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों को आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए यह आवश्यक है कि हर वर्ग के साथ-साथ दिव्यांगजनों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना केवल सहायता नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि इन उपकरणों से दिव्यांगजनों के दैनिक जीवन, शैक्षणिक गतिविधियों और सामाजिक सहभागिता में



सहजता आएगी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को उपकरण प्रदान कर उनकी शारीरिक सीमाओं को कम करने और उन्हें सामान्य जीवन के करीब लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिव्यांगजनों की जीवन गुणवत्ता में सुधार करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आगे कहा कि शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाज का यह सामूहिक दायित्व है कि दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों की स्वतंत्र कार्यप्रणाली को मजबूत किया जाए, दिव्यांगता की सीमा को रोका जाए और उसे कम करने के लिए सतत प्रयास किए जाएं।

इस अवसर पर दिव्यांगजनों को पांच ट्राइसाइकिल, पांच व्हीलचेयर, पांच श्रवण यंत्र तथा एक वॉकर का वितरण किया गया। उपकरण प्राप्त कर हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र का संदेश देते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सीईओ मनहरण लाल मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, सभापति लता पाड़े, जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, जुनवानीकला के सरपंच नरेंद्र ठाकुर, पूर्व सरपंच रिंकू चेतन चंद्राकर, मुबारक खान, समाज कल्याण विभाग महासमुंद से अनिल केसरिया, समाज शिक्षा संगठक मानसिंह बरिहा, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी लखन साहू, एडीईओ एकलदेव निषाद सहित बड़ी संख्या में हितग्राहीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक समरसता, संवेदनशीलता और दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक सोच को मजबूत करने के संदेश के साथ हुआ।

# आज से 25 तक जिले में चलेगा सामूहिक दवा सेवन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डीईसी (डाईथाइकार्बामाजीन) एवं एल्बेंडाजोल दवा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार खिलाई जाएगी। दवा सेवन स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में डॉट्स पद्धति के माध्यम से कराया जाएगा, ताकि इसका सही प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारी से पीड़ति व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। वहीं, 1 से 2 वर्ष के बच्चों को केवल एल्बेंडाजोल की आधी गोली दी जाएगी, जिसे चबाकर खाने की सलाह दी गई है। दवा वितरण एवं सेवन निर्धारित समय-सारणी एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा। अभियान के प्रारंभिक दिनों में आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। इसके बाद घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को दवा दी जाएगी तथा छूटे हुए लोगों को मॉप-अप राउंड में कवर किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों, स्लम बस्तियों, कार्यालयों एवं दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टीम के माध्यम से दवा सेवन कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों से अपील की है कि वे अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें और स्वयं तथा अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों को दवा अवश्य सेवन कराएं, ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के कक्ष क्रमांक 20 में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

- 1 से 2 वर्ष के बच्चों को केवल एल्बेंडाजोल की आधी गोली दी जाएगी, चबाकर खाने की सलाह

# महिलाओं को कुटीर उद्योग प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया कदम

**महासमुंद।** महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उड़ान की संस्थापिका डॉ अनीता जी रावटे के मार्गदर्शन में सह-संयोजक पूर्णिमा शर्मा द्वारा महिलाओं को कुटीर उद्योग प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयंसेवी संगठन उड़ान के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को अगरबत्ती निर्माण, मोमबत्ती निर्माण, सिलाई-कढ़ाई, पापड़-बड़ी निर्माण, मसाला निर्माण, हस्तशिल्प एवं घरेलू उत्पादों के निर्माण से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी गई। दैनिक जीवन में उपयोगी एवं जरूरी फिनाइल के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा कुटीर उद्योग के महत्व, कम पूंजी में स्वरोज़गार के अवसर, उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग, विपणन एवं बिक्री से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ भी सरल भाषा में समझाई गईं। उड़ान की संस्थापिका डॉ अनीता जी रावटे ने कहा कि कुटीर उद्योग महिलाओं के लिए आय का स्थायी स्रोत बन सकता है। इससे न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती है, बल्कि समाज में महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने महिलाओं से प्राप्त प्रशिक्षण का सही उपयोग कर स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उन्हें घर बैठे रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया गया।

# ब्रह्मलीन राजेश शर्मा को प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा के निधन पर प्रेस क्लब परिवार ने उन्हें श्रध्दा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। सदस्यों ने उनके साथ बिताए पर और अनुभव साझा किए। अंत में महामृत्युंजय मंत्रोच्चार पश्चात दो मिनट का मौन रखकर शोक सभा संपन्न हुई।

उल्लेखनीय है कि राजेश शर्मा 82 वर्ष का 6 फरवरी की सुबह निधन हो गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश सोनी ने श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत करते हुए उन्होंने श्री शर्मा से अपने आत्मीय संबंधों का स्मरण करते हुए कहा कि कुछ नीतिगत मामलों में मतभेद के बावजूद उनका



स्वभाव स्नेहिल था। वे रिश्तों को जीवन भर निभाते रहे। उनका जाना अपूरणीय क्षति है। वे पत्रकारिता के वटवृक्ष थे। उनकी कलम में सरस्वती का वास था। वे विचारों में हमेशा जीवित रहेंगे।

पूर्व अध्यक्ष आनंद राम साहू ने कहा कि कर्मयोगी कलमकार से बिछुड़ना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने श्री शर्मा की अंतिम पंक्तियां याद कीं, कौन कहता है कि जाऊंगा, तो गुजर जाऊंगा। मैं तो खुशबू हूं, हवाओं में बिखर जाऊंगा। पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने संघर्ष के दिनों को याद किया।

उन्होंने कहा कि कोरियर सेवा से लेकर किराए के एक कमरे में पत्रकारिता की 21 वर्षों की यात्रा अद्भुत है। यह उनकी कलम साधना और समर्पण का प्रमाण है। कोविड काल में भी अखबार निर्बाध निकला। बीमारी में भी उन्होंने संपादन किया। अस्पताल में भर्ती होने तक वे अखबार निकालते रहे। पूर्व अध्यक्ष श्रीमती उत्तरा विदानी ने भावुक शब्दों में श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राजेश काका ने उन्हें सबसे बड़ी बेटी जैसा स्नेह दिया।

सभा को संरक्षक सदस्य श्रीरामकुमार तिवारी सुमन, केपी साहू, विक्रम साहू, राकेश झाबक, विजय चौहान, अनिल चौधरी, संजय यादव, प्रज्ञा चौहान, कामदेव साहू, दौलत साहू, दुष्यंत कन्नौजे आदि ने संबोधित किया। पत्रकार अमित हिषीकर ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। चोला माटी के हे राम, गा कर श्रद्धांजलि दी।

# ठेठवार यादव समाज का वार्षिक बैठक व सम्मान समारोह हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज का वार्षिक बैठक व सम्मान समारोह ग्राम भानपुर (बलौदाबाजार) में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी, पूर्व संसदीय सचिव स्कूल शिक्षा, आदिम जाति, पिछड़ा वर्ग विभाग व जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद थे। सभाध्यक्ष तुलाराम यादव अध्यक्ष कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज, विशेष अतिथि हरीश यादव प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रदेश प्रभारी युवा प्रकोष्ठ व विजय यादव ठेठवार कौड़िया राज, दुलार यादव प्रमुख सलाहकार, प्रान्तीय संगठन मंत्री रहे।

भगवान श्रीकृष्ण पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक खल्लारी व जिलाध्यक्ष कांग्रेस द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि हम सभी यादव भगवान श्रीकृष्ण के वंशज है,और जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण अपने ग्वाल बालों को साथ लेकर अपने साथ चलते थे और सभी को संगठित रखते थे, अपने ग्वाल बाल की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को धारण कर अपने संगठन की शक्ति अहसास कराया। वैसे ही हमे भी संगठित रह कर भगवान श्रीकृष्ण को गुणों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। सभी सामाजिक बंधुओं से आग्रह करते हुए कहा कि परंपरा व्यवसाय के साथ अन्य व्यवसाय करने आवश्कता है, तभी सामाजिक में सम्पन्नता आएगी। इसके साथ ही बच्चों के शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक है, तभी समाज शिक्षित, और सुदृढ़ हो सकता है। प्रतिभावान बच्चों को बधाई देते हुए लगातार मेहतन करने को कहा, चूंकि बच्चे ही देश के भविष्य है, वे अच्छे कार्य कर अपने घर, समाज व देश नाम रोशन करेगा, इसलिए हमें शिक्षा में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रांतीय उपाध्यक्ष महासभा राजिम व प्रदेश प्रभारी युवा प्रकोष्ठ हरीश यादव ने कहा कि समाज में लड़कों की शिक्षा में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वे पढ़ाई में पिछड़ते जा रहे, जबकि लड़कियां शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। कौड़िया देवरी परिक्षेत्र के सचिव सोमकांत यादव ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि प्रतिवर्ष प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान करते हैं, और सामाजिक क्षेत्र के उत्कृष्ट योगदान देने वाले सामाजिक बंधु का सम्मान करते हैं, ताकि बच्चों, व सामाजिक बंधुओं का समाज के प्रति रुचि बढ़ेगी।

प्रतिभाशाली बच्चों को मोमेंटो प्रशस्ति पत्र व प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इनमें भागवत प्रसाद यादव 12वीं 79 प्रतिशत, दिव्या यादव 12वीं 77.6, तन्नू यादव 12वीं 76.2, देवकी यादव 12वीं 72, प्रेमिन यादव 12वीं 71.2, मोनिका यादव10वीं 95.5, वैदेही यादव 10वीं 89.66,,राहुल यादव 10वीं 81.83, खुशबू यादव 10वीं 81.83, भूपेंद्र यादव 10वीं,79.33, तुलसी यादव 10वीं 75.33, योगेश यादव 10वीं 70.83 प्रतिशत थे। इसी प्रकार समाज में उत्कृष्ठ योगदान देने वालों को मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव ने शाल, अभिनंदन पत्र व मोमेन्टो प्रदान कर यादव गौरव सम्मान से सम्मानित किया। जिसमें चिंता राम यादव पंच दादरगांव, विजय यादव ठेठवार कसही बाहरा, घनश्याम यादव कोषाध्यक्ष कौड़ियि देवरी राज सरगतोरा, सोमकांत सचिव कौड़ियि देवरी राज सरगतोरा, बलदाऊ यादव पंच फुटगुना, महेश राम यादव, सहसचिव अठ्ठारहवीं, खिलावन यादव यादव पंच अठ्ठारहगुड़ी, हीरा लाल यादव पंच फुटगुना थे। मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव को स्मृति चिन्ह शालभेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोमकांत यादव सचिव व डिगेश यादव(संचालक) ने संयुक्त रूप एवं आभार प्रदर्शन प्रमुख सलाहकार दुलार यादव ने किया।

# परीक्षा पे चर्चा का द्वितीय एपिसोड का हुआ प्रसारण

**महासमुंद।** परीक्षा पे चर्चा 2026 के द्वितीय एपिसोड का प्रसारण 9 फरवरी को हुआ। इस अवसर पर विकासखंड महासमुंद के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का अवलोकन किया। नवकिरण अकादमी महासमुंद में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा के निर्देश में विशेष रूप से कार्यक्रम का सामूहिक प्रसारण किया गया। इस अवसर पर डीएमएस स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12वीं सेजेस तुमाडबरी के छात्र क्षितिज पांडे, जिनका वीडियो राज्य स्तर पर प्रेषित किया गया था तथा जिनकी स्कैनिंग प्रक्रिया भी पूर्ण हुई थी, उन्हें उनकी माता रूपा पांडे के साथ आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। उन्हें डायरी, पेन एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए दिए गए प्रेरक एवं मार्गदर्शक विचार विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी रहे। देश के विभिन्न राज्यों से बच्चों ने अपने प्रश्न पूछे, जिनका प्रधानमंत्री ने सरल, सहज एवं प्रेरक उत्तर दिया। इस अवसर पर एपीसी पेडागॉजी संपा बोस, प्राचार्य डीएमएस कौशल शुक्ला, बीआरसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा, व्याख्याता जगदीश साहू, मानिक साहू, प्रज्ञा, डी.बसंत (समन्वयक नव किरण अकादमी), रूपा पांडे (पालक) सहित विद्यार्थीगण मौजूद रहे।





## फुलझर देवरी मसीही मेला का आयोजन

**बसना।** क्षेत्र के पर्रापार्ट में आयोजित 67वां फुलझर-देवरी मसीही मेला 5 से 8 फरवरी तक विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। मेले के दौरान प्रतिदिन प्रार्थना सभा, गीत-संगीत, बाइबल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में धार्मिकजन शामिल हुए। मेला के मुख्य वक्ता रेव. रामबली सिंह ने अपने संदेश में बाइबल से लेकर विश्वास, प्रेम और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पत्नी जगदीशपुर के प्रथम पास्टर रेव. हेनरी सोमैया की नवासी (पोती की बेटी) हैं, जो इस क्षेत्र के मसीही इतिहास से एक विशेष जुड़ाव को दर्शाता है। मेला समिति के पदाधिकारियों पादरी प्रेम प्रकाश बाघ (मेला सभापति), पादरी मीकाएल सागर (मेला उप-सभापति), पादरी नवीन रनबीड़ा (मेला सचिव), डीकन प्रेम किशोर बाघ (मेला संरक्षक), शरद बाघ (मेला प्रबंधक) और डीकन दानिएल तांडी (मेला कोषाध्यक्ष) ने मेले को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## श्रीराम उप्राशा में हुआ वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह



**महासमुंद।** शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला में विगत दिनों वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू रहे। अध्यक्षता राजेंद्र चंद्राकर ने की। शिक्षा विभाग से सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा एवं एडीपीओ प्रमोद कन्नौजे, विशेष अतिथि सांसद प्रतिनिधि भारत खत्री, ताराचंद चांडक, सेवानिवृत्ति शिक्षिका यशोदा तिवारी, शाला समिति के अध्यक्ष कल्याणी यादव, उपाध्यक्ष सुखबाई मिरि, प्रेमीन सांवरा सहित पालक समिति के सदस्य, अभिभावक एवं नागरिकगण मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, देशभक्ति गीत, पारंपरिक छत्तीसगढ़ी नृत्य, राउत नाचा एवं योग प्रदर्शन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सालभर की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा 6 से संतोषी सोनवानी, कक्षा 7 से खेमराज सोनवानी एवं कक्षा 8 से डिगेश्वरी यादव को बेस्ट स्टूडेंट के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के प्रति विशेष सहयोग एवं समर्पण के लिए सविता सोनवानी, गंगा सिक्का एवं प्रेमी सांवरा को पालक सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि निखिलकांत साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही देश की प्रगति का आधार है। अन्य अतिथियों को आयोजन को सराहा। कार्यक्रम में प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम, चमेली चंद्राकर, गीता गोस्वामी, हेमन्त चक्रधारी, किशोर देवांगन सहित समस्त शिक्षकगणों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन लीनू चंद्राकर एवं संचालन लक्ष्मी मानिकपुरी ने किया।




## सिरपुर महोत्सव 2026 में छत्तीसगढ़ हर्बल उत्पादों को मिली खास पहचान

**महासमुंद।** मार्केटिंग नेटवर्क को सुदृढ़ एवं विकसित करने के उद्देश्य से जिला यूनियन महासमुंद तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग महासमुंद द्वारा सिरपुर महोत्सव 2026 के अवसर पर छत्तीसगढ़ हर्बल उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए विभागीय स्टॉल लगाया गया। महोत्सव के प्रथम दिवस को स्टॉल का निरीक्षण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं दक्षिण कोरिया से आए बौद्ध भिक्षुओं द्वारा किया गया। अतिथियों ने हर्बल उत्पादों की गुणवत्ता व उपयोगिता की जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न उत्पादों का क्रय भी किया। इस अवसर पर एआर बंजारे (उप प्रबंध संचालक), कौशल कुमार (सहायक प्रबंधक), पूजा वर्मा (सहायक प्रबंधक) एवं शशिप्रभा चंद्राकर (संजीवनी संचालिका) की सक्रिय उपस्थिति एवं योगदान रहा।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //

रा.प्र.क्र व/121/वर्ष 2025-26
ग्राम :- खेमड़ा प.ह.न 06 रा.नि.मं.मुनगाशेर
तहसीलः कोमाखान, जिला महासमुंद छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश पिता मलार जाति गोंड़ उम्र 46 वर्ष निवासी खेमड़ा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है. उनकी भाभी श्रीमती खिलेश्वरी पति नारायण का मृत्यु दिनांक 21.09.2023 को ग्राम खेमड़ा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदक एवं उनके परिजनों को श्रीमती खिलेश्वरी पति नारायण के मृत्यु के समय अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक अपनी भाभी श्रीमती खिलेश्वरी पति नारायण की मृत्यु की सूचना नियत समय में तत्कालिन ग्राम कोटवार खेमड़ा एवं ग्राम पंचायत खेमड़ा को नहीं दे पाये। जिसके कारण रजिस्ट्रार (मृत्यु) ग्राम पंचायत खेमड़ा के द्वारा आवेदक की भाभी श्रीमती खिलेश्वरी पति नारायण का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपनी भाभी श्रीमती खिलेश्वरी पति नारायण के मृत्यु दिनांक 21.09.2023 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 10/02/2026 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक : 10/02/2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 21.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
कोमाखान

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जिले में कमार जनजाति के समग्र विकास की दिशा में सार्थक पहल

## कमार जनजाति के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए शासन प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद जिले में कमार जनजाति का निवास बागबाहरा, महासमुंद एवं पिथौरा विकासखंड के कुछ ग्रामों में है। आदिम जाति अनुसंधान केंद्र द्वारा वर्ष 2015-16 में किए गए आधारभूत सर्वेक्षण के अनुसार जिले में कुल 923 कमार परिवार निवासरत हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 3309 है। इसमें 1614 पुरुष एवं 1695 महिलाएं शामिल हैं। यह जनजाति विशेष पिछड़ी जनजाति की श्रेणी में आती है, जिसके समग्र विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कमार जनजाति के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए जिला प्रशासन द्वारा समग्र कार्ययोजना तैयार की गई है। शासन द्वारा दो बहुद्देशीय केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिन पर प्रति केंद्र 60 लाख रुपए की लागत निर्धारित की गई है। इन केंद्रों का शुभारंभ 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इन बहुद्देशीय केंद्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी सेवाएं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं तथा जिला पंचायत द्वारा आजीविका संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार बच्चों के लिए खेल परिसर, ओपन जिम एवं किचन गार्डन की भी व्यवस्था की गई है। सड़क, जल, बिजली एवं संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 26 सड़कविहीन बसाहटों के लिए सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई, जिनमें से 18 सड़कें, कुल 18.5 किलोमीटर लंबाई की, पूर्ण हो चुकी हैं। शेष सड़कों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है, जिसे 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग द्वारा 32 बसाहटों के 314 घरों को नल-जल योजना से जोड़ा गया है तथा शेष 581 घरों के लिए राशि आबंटन प्रस्तावित है। बिजली से वंचित 62 ग्रामों के 330 परिवारों को विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। वहीं, ग्राम रोड़ा में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा हेतु नवीन मोबाइल टावर की स्वीकृति दी गई है, जिसका निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा। वहीं स्वास्थ्य की दृष्टि से तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दो मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित की जा रही हैं। इसी तरह विशेष पिछड़ी जनजाति के 678 कच्चे मकानों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृति दी गई है।








### कमार समाज की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविरों का आयोजन

पूर्व में कमार जनजाति की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या व्यक्तिगत दस्तावेजों से वंचित थी। इस समस्या के समाधान के लिए विशेष शिविरों एवं घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से व्यापक कार्य किया गया। वर्तमान में सभी 3309 व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में जोड़े जा चुके हैं तथा सभी को प्राथमिकता राशन कार्ड के माध्यम से प्रतिमाह 35 किलोग्राम निःशुल्क चावल प्रदान किया जा रहा है। ग्रामों में निवासरत 1550 व्यक्तियों के आधार कार्ड पूर्ण किए जा चुके हैं। इसके अलावा सभी पात्र 2327 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। 1825 पात्र हितग्राहियों के राष्ट्रीयकृत बैंकों में खाते खुलवाए गए हैं। सभी पात्र व्यक्तियों को पेंशन, एलपीजी सब्सिडी, महतारी वंदन योजना, छात्रवृत्ति एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत निर्धारित 73 लाभार्थियों का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया है। साथ ही महासमुंद, पिथौरा और बागबाहरा विकासखंडों में 2309 जाति प्रमाण पत्र बनाकर 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

## खबर संक्षेप



### माता जानकी जयंती पर की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता जानकी जयंती पर पूजा अर्चना की गई। संतोष महाराज ने बताया कि इस साल 9 फरवरी को माता जानकी जयंती मनाई गई। यह पर्व माता सीता के जन्मोत्सव के रूप से मनाया जाता है। माता सीता, भगवान राम की अर्धांगिनी और राजा जनक की पुत्री थीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता सीता का जन्म फाल्गुन कृष्ण अष्टमी तिथि को हुआ था। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखकर माता सीता की पूजा अर्चना करते हैं। इस दौरान राधिका, कलिंदरी, गुंजा, सनत, उपस्थित रहे।

### भौतिक शास्त्र प्रायोगिक परीक्षा 13 फरवरी से

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष भौतिक शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 13 फरवरी 2026 को होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 02 बजे तक बीएससी तृतीय वर्ष और दोपहर 12 बजे से 04 बजे तक बीएससी द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा होगी।

### तहसील राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक आज

**महासमुंद।** तहसील राजस्व ग्राम पटेल संघ द्वारा समस्त राजस्व ग्राम पटेलों की समस्याओं एवं कर्तव्यों, अधिकारों की जानकारी देने एवं मांग आदि के संबंध में विशेष चर्चा के लिए महासमुंद तहसील के राजस्व ग्राम पटेलों की बैठक 10 फरवरी मंगलवार को दोपहर 12 बजे तहसील कार्यालय महासमुंद में आहूत की गई है। उक्ताशय की जानकारी तहसील अध्यक्ष भागवत राम साहू (मोरधा) एवं उपाध्यक्ष तहसील भगवानी राम साहू (पीढ़ी) ने दी है।

### आज मुख्यमंत्री निवास घेरेंगे आप कार्यकर्ता

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने निर्णायक संघर्ष का ऐलान किया है। प्रदेश के लाखों किसानों का धान अब तक नहीं खरीदा गया, इसके बावजूद सरकार द्वारा 6 फरवरी को धान खरीदी बंद कर देना किसानों के साथ खुला अन्याय है। इसी के विरोध में आम आदमी पार्टी 10 फरवरी को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी।

### जिले में 18 तक वजन त्यौहार का आयोजन

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 09 फरवरी से 18 फरवरी तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सेक्टर-01, क्लस्टर विश्वकर्मा नगर शहरी परियोजना अंतर्गत वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा बच्चों के वजन का अवलोकन किया गया तथा वजन एवं पोषण स्तर की जांच उपरांत अतिथियों द्वारा पालकों को पोषण रिपोर्ट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकगण एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

**आयोजन : अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ केंद्रीय समिति की वार्षिक अधिवेशन**

# गोंड़ समाज की बैठक में नेक जोंग एकता व अखंडता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ रानी महल पिथौरा के सुवरमार राज़ के बाघामुड़ा सर्कल के आश्रित ग्राम खट्टाडीह में वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। सभा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सर्वसम्मति से सर्कल अध्यक्ष अरुण कुमार ठाकुर को सभापति एवं उपसभापति के रुप में सर्कल उपाध्यक्ष खेमलाल ठाकुर को नियुक्त किया गया। बैठक को गति प्रदान करते हुए सर्वप्रथम भगवान बूढ़ादेव के छायाचित्र के समक्ष व माल्यार्पण व पूजा अर्चना एवं आरती कर किया। इसके बाद अतिथियों एवं सामाजिक पदाधिकारियों का स्वागत अक्षत तिलक लगाकर सर पर गमछा पग बांध कर स्वागत सत्कार किया गया।

वार्षिक अधिवेशन में केंद्रीय व राज्य पदाधिकारी अतिथि की आसंदी पर विराजमान रहे। इसके बाद सभा को गति प्रदान करते हुए केंद्रीय समिति के संचालक रनसाय ठाकुर, केंद्रीय महासचिव लाभो ठाकुर, केंद्रीय महिला प्रभाग अध्यक्ष रामबती ठाकुर, केंद्रीय सदस्य क्रियान्वयन समिति तूफान दीवान, हेम सिंह ठाकुर, राज सुवरमार के पदाधिकारीगण कोषाध्यक्ष भगवानी ठाकुर, संरक्षक खेमराज ठाकुर, अंकेक्षक शंकर ठाकुर, शिक्षा प्रभारी मनोज ठाकुर, राज सदस्य भाव सिंग ठाकुर, राज सदस्य ईश्वरी ठाकुर, केशव ठाकुर इत्यादि ने पारी-पारी से समाज को संबोधित करते हुए अपने बात बहुत ही कम शब्दों में रखा। सभी ने सामाजिक नेक जोंग, रुढ़ी प्रथा, सामाजिक रहन सहन, वेशभूषा, एकता अखंडता, संप्रभुता की बात कही। साथ ही समाज के सेवा समिति के उत्कृष्ट कार्य के लिए निरंतर आगे आने तथा समाज के हर सुख दुख कार्य में अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर सबको साथ लेकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद सर्कल कोषाध्यक्ष अरविंद ठाकुर एवं सचिव रोहित ठाकुर ने एक वर्ष की आय व्यय की लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

### प्रतिभावान छात्रों का किया गया सम्मान

पश्चात चर्चा परिचर्चा में समाज के बेटा बेटी कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं, एवं बारहवी के छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट अंक हासिल करने पर प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। साथ ही छोटे खेमड़ा के सेवा समिति को उत्कृष्ट कार्य सेवा देने के लिए दीवान परिवार घोयनाबाहरा द्वारा बूढ़ा देव की छायाचित्र भेंटकर सम्मान किया गया। वहीं समाज में दाईजबाधा निवासी सोनकुंवर ठाकुर पति स्व बुधवारु ठाकुर ने बाघामुड़ा सर्कल अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर सदस्यता ग्रहण किया। रानी महल पिथौरा 18 गढ़ में सम्मिलत हुए। इस दौरान वार्षिक अधिवेशन के सभापति अरुण कुमार ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एक होकर रहना है। हर मुश्किल में एक दूसरे के साथ रहना है। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है। बच्चों को अच्छे संस्कार, शिक्षा एवं नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित किया।

### अधिवेशन में जुटे समाज के लोग

अधिवेशन में मुख्य रूप से संरक्षक अमरसाय ठाकुर, अध्यक्ष अरुण ठाकुर, खेमलाल ठाकुर उपाध्यक्ष, अरविंद ठाकुर कोषाध्यक्ष, रोहित ठाकुर सचिव, प्यारे ठाकुर सहसचिव, गेसराम ठाकुर संयोजक, परस राम नेताम महामंत्री, बुटागु ठाकुर सलाहकार, टिकेश्वर ठाकुर अंकेक्षक, यशवंत ठाकुर शिक्षा प्रभारी, सेतराम ठाकुर मीडिया प्रभारी, महिला प्रभाग अध्यक्ष संतोषी जगत, युवा प्रभाग अध्यक्ष ललित ठाकुर, अधिकारी कर्मचारी हुलसी ठाकुर प्रधान पाठक, सावित्री बाई ठाकुर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कार्यकारिणी सदस्य पंचगण सुकसिंग ठाकुर, सुरजीत ठाकुर, धन मंत्री ठाकुर, मुकेश ठाकुर, गैंद सिंह ठाकुर, हेमसिंह ठाकुर, प्रीतम ठाकुर, पिलउ ठाकुर, भोला राम ठाकुर, पुनारद ठाकुर, लाला ठाकुर, मठियार थानू राम ठाकुर, मीना जगत, किरण ठाकुर, डिगेश्वरी ठाकुर, कांति ठाकुर, समाज दूत दौलत राम ठाकुर आदि मौजूद रहे। संचालन सर्कल सचिव रोहित ठाकुर ने किया। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी तूफान दीवान ने दी है।

# गढ़सिवनी में 19 छात्राओं को साइकिल वितरित

### सायकल पाकर छात्राओं के चेहरा खिल उठे



**महासमुंद।** पदुमन सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़सिवनी में सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य योगेश्वरी साहू, विशेष अतिथिगण सरपंच गढ़सिवनी खेमलता ध्रुव, शारदा सोनकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, डा गैंदलाल पुष्पाकर सदस्य सांसद प्रतिनिधि एसएमडीसी, रवि सोनकर उपसरपंच गढ़सिवनी, अनिल सोनकर विद्यालय भवन दानदाता परिवार, हरि साहू पंच, संतोष साहू सदस्य, शंभू सोनकर सदस्य, कौशल साहू सदस्य, राधे लाल पाटिल सदस्य, संस्था के प्राचार्य तुलेंद्र कुमार सागर मौजूद रहे। वर्तमान शिक्षा सत्र कक्षा नवमीं में अध्ययन रत 19 छात्राओं को छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित निः शुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत प्राप्त सायकल प्रभारी कुसुम देवांगन व्याख्याता के सहयोग से वितरित किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरा खिल उठे। उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ शासन का छात्राओं के लिए विशेष योजना है। ताकि, दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र से हाईस्कूल पढ़ने आने वाले छात्राओं के लिए सुगम व सुविधा प्रदान करने के लिए निःशुल्क सायकल प्रदान किया जाता है। ताकि, छात्राएं समय पर स्कूल पहुच सकें।

इस अवसर पर संस्था से तुलेंद्र कुमार सागर प्राचार्य, व्याख्यातागण वोमन लाल ठाकुर, सरिता जैस्वार, ममता शर्मा, रितेश कुमार जोशी, लक्ष्मी ठाकुर, कुसुम देवांगन, प्रीति यादव, रीना कोठारी खेल शिक्षक, तारिणी साहू सहा शिक्षक, मिडिल विभाग से हिच्छा राम टण्डन प्रधान पाठक, शिक्षकगण लुकेश कुमार आवले, योगेश साहू, राधेश्याम यादव स्टाफ मनीष भृंगराज भृत्य, विशेष सहयोगी मन्थिर यादव व विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ पालकों की उपस्थिति रही।

# विधायक संपत के खिलाफ सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा/बसना

जिले के बसना क्षेत्र के विधायक संपत अग्रवाल की एक फर्जी और भ्रामक वीडियो के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा।



कार्यकर्ताओं ने बताया कि आरोपी महंत हरीशचंद्र दास ने सोशल मीडिया पर एक सफेद झूठ और मनगढ़ंत कथित वीडियो प्रसारित किया है। इस वीडियो में निहायत ही शर्मनाक दावा किया गया कि 2 फरवरी 2026 को विधायक संपत ने कलेक्टर के साथ ग्राम पिरदा का दौरा किया और वहां कबीर कुटी की पवित्र भूमि को बेचने या उसकी संपत्ति का बंदरबांट करने की योजना बनाई।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस दिन की घटना का दावा आरोपी द्वारा किया जा रहा है, उस दिन विधायक डॉ संपत अग्रवाल कलेक्टर के साथ ग्राम पिरदा में मौजूद ही नहीं थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिकायत में कहा है कि आरोपी महंत हरीश चंद्र दास का उद्देश्य केवल अफवाह फैलाना नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों, जातियों और समुदायों के बीच शत्रुता और नफरत की आग लगाना है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि आरोपी खुद तरेकेला की बेशकीमती भूमि के संबंध में अनुचित लाभ प्राप्त करने की फिराक में है और अपनी इस काली करतूत को छिपाने के लिए विधायक पर कीचड़ उछाल रहा है। पिथौरा, सांकरा, बसना और भंवरपुर पुलिस थानों में आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी नहीं हुई और कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन चुप नहीं बैठेगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, मंडल अध्यक्ष हलधर साव, महामंत्री मनोज बारीक, महामंत्री झाड़ूराम परमार, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, किसान मोर्चा अध्यक्ष गोविंद साहू, सरपंच लारीपुर हेमंत ठाकुर, सरपंच सानटेमरी (सांकरा थाना), सतीश कुमार ध्रुव (पिथौरा थाना), पिरदा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान (बसना थाना), धर्मेंद्र पटेल (पुलिस चौकी भंवरपुर) पहुंच कर शिकायत दर्ज करवाया।

# बच्चों को भावनात्मक सहयोग, विश्वास व सकारात्मक वातावरण दें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी 2026 से प्रारंभ होने जा रहा हैं। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए प्रेरक संदेश जारी करते हुए कहा है कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसे संतुलन, सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास के साथ पार करना आवश्यक है। यह परीक्षा विद्यार्थियों की मेहनत, अभ्यास एवं अनुशासन का मूल्यांकन करने का अवसर है, जीवन का अंतिम निर्णय नहीं है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से शांत मन, धैर्य एवं आत्मविश्वास बनाए रखने की अपील की है। परीक्षा के दौरान समय पर विश्राम करने, संतुलित भोजन करने, अध्ययन किए गए विषयों का पुनरावलोकन करने तथा परीक्षा कक्ष में प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर लिखने की सलाह दी गई है। साथ ही दूसरों से तुलना कर तनावग्रस्त होने एवं अंतिम समय में नया विषय पढ़ने से बचने का आग्रह किया गया है। कलेक्टर लंगेह ने अभिभावकों से कहा है कि इस समय बच्चों को भावनात्मक सहयोग, विश्वास एवं सकारात्मक वातावरण की आवश्यकता होती है। उन्होंने घर में शांत एवं सहयोगपूर्ण वातावरण बनाए रखने, स्नेहपूर्वक अनुशासन में सहयोग करने तथा परिणाम को लेकर अनावश्यक दबाव न बनाने की अपील की गई है। शिक्षकों से अपेक्षा की गई है कि वे विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए आत्मबल बढ़ाने में सहयोग करें। विशेष रूप से कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त मार्गदर्शन एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया देने तथा भयमुक्त वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया गया है। कलेक्टर लंगेह ने कहा है कि परीक्षा अवधि में विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं, मार्गदर्शन एवं सहयोग सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिश्रम पर भरोसा रखते हुए तनाव मुक्त होकर परीक्षा में सम्मिलित होने की अपील की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु जिलों के विभिन्न शहरों में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000

दिनांक - 10 फरवरी से 13 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

Resume Whatsapp करें
83700 49468
90983 24969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर